**Regarding four laning of National Highway**

श्री दर्शन सिंह चौधरी **(होशंगाबाद) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में फोर लेन रोड की बहुत आवश्यकता है।

**<u>13.04 hrs</u>**

*At this stage, Dr. T. Sumathy alias Thamizhachi Thangapandian and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table*.

टिमरनी से फोर लेन को सिवनी-मालवा, नर्मदापुरम, माखननगर, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली तक जोड़ने से मेरे क्षेत्र की लगभग 21 लाख जनसंख्या को प्रत्यक्ष फायदा होगा। इस फोर लेन के बनने से हमारे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। हमारे यहां खेती का स्ट्रक्चर बहुत बड़ा है। हमारे यहां नर्मदा मइया का इलाका है। इस फोर लेन में नर्मदापुरम और नरसिंहपुर क्षेत्र की समृद्धि छिपी हुई है। इससे हमारा आवागमन बहुत सुविधाजनक हो जाएगा। आप इस फोन लेन को देकर हमारे क्षेत्र को अनुगृहित कीजिए।